कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0, थत्यूड़, (टिहरी गढवाल)।
E-Mail- eepwdthatyur@rediffmail.com Phone & Fax:- 01376-246321

पत्रांक 434 / 21 सी0 दिनांक 23/03/2019

सेवामें,

अपर प्रमुख वनसंरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वनसरंक्षण, इन्दिरा नगर फॉरेस्ट कॉलोनी,
उत्तराखण्ड देहरादून।

**विषय :–** **जनपद टिहरी गढवाल के विकास खण्ड जौनपुर अन्तर्गत भरवाकाटल से श्रीपुर मोटर मार्ग (कुल लम्बाई–5.00 कि0मी0) के निर्माण हेतु अपेक्षित 2.975 है0 वनभूमि का वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 तहत् गैर वानिकी कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग, अस्थाई खण्ड, थत्यूड को प्रत्यावर्तन का प्रस्ताव।**

सन्दर्भः– प्रभागीय वनाधिकारी का पत्रांक सं0 2528 / 12–1, दिनांक मसूरी, 06.02.2019 एवं सं0 3122/ 12–1, दिनांक मसूरी, 23.03.2019

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, विषयांकित प्रकरण में भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून द्वारा अपने पत्र सं0 8बी0 / यू0सी0पी0 / 06 / 86 / 2017 / एफ0सी0 / 2070, दिनांक 07.01.2019 द्वारा सैद्वान्तिक स्वीकृति जारी की गयी है, जिसके कम में प्रभागीय वनाधिकारी मसूरी वनप्रभाग के पत्र 2528 / 12–1, दिनांक मसूरी, 06.02.2019 द्वारा क्षतिपूरक वृक्षारोपण एवं एन0पी0वी0 की देय धनराशि रू0 36,26,565.00 जमा कराने हेतु निर्देशित किया गया था, किन्तु चालान जनरेट करने के उपरान्त नोडल कार्यालय द्वारा जांचोपरान्त एन0पी0वी0 की धनराशि कम पायी गयी, जिसके कम में पुनः प्रभागीय वनाधिकारी मसूरी वनप्रभाग द्वारा अपने पत्रांक एवं सं0 3122/ 12–1, दिनांक मसूरी, 23.03.2019 द्वारा निर्धारित देय धनराशियों का संशोधन किया गया, जिसके अनुसार कुल देय धनराशि रू0 41,85,865.00 है। जिसके सापेक्ष वर्तमान में इस खण्ड को प्राप्त मात्र रू0 36,26,565.00 की धनराशि जमा की जा रही है, तथा शेष धनराशि रू0 5,59,300.00 शीघ्र ही जमा कर दी ज़ायेगी।

अतः अनुरोध कराना है कि आंशिक धनराशि रू0 36,26,565.00 जमा करने की कार्यवाही करने का कष्ट करें।

**संलग्नः– प्रभागीय वनाधिकारी के पत्र 02 नं0।**

23/03/19
(इं0 रजनीश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0,
थत्यूड़ (टिहरी गढवाल)।

पत्रांक :– / दिनांक / /2019

प्रतिलिपि :–1. अधीक्षण अभियन्ता 8वां वृत्त लो0नि0वि0, नई टिहरी को सूचनार्थ प्रेषित।
2. प्रभागीय वनाधिकारी मसूरी वनप्रभाग मसूरी को सूचनार्थ प्रेषित।
3. सहायक अभियन्ता चतुर्थ अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0, थत्यूड, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0,
थत्यूड (टिहरी गढवाल)।

# कार्यालय, प्रभागीय वनाधिकारी, मसूरी वन प्रभाग, मसूरी।

पत्रांक– 2528 /12–1, दिनांकः मसूरी, 06/2/ 2019।

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0, थत्यूड़
(टिहरी गढ़वाल)।

विषयः– जनपद–टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड जौनपुर अन्तर्गत भरवाकाटल से श्रीपुर मोटर मार्ग(कुल लम्बाई–5.00 किमी0) के निर्माण हेतु अपेक्षित 2.975 है0 वन भूमि का वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के तहत् गैर वानिकी कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग, अस्थाई खण्ड, थत्यूड़, को प्रत्यावर्तन का प्रस्ताव।
(ऑनलाईन प्रस्ताव संख्या–FP/UK/ROAD/10527/2015)

सन्दर्भ :– भारत सरकार, पर्यावरण, वन एंव जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून द्वारा अपने पत्र सं0 8बी/यू.सी.पी./06/86/2017/एफ..सी./2070, दिनांक 07–01–2019 एंव अपर प्रमुख वन संरक्षक एंव नोडल अधिकारी वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून की पत्र सं0 1902/ FP/UK/ROAD/10527/2015

महोदय,

भारत सरकार, पर्यावरण, वन एंव जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून द्वारा अपने पत्र सं0 8बी/यू.सी.पी./06/86/2017/एफ..सी./2070, दिनांक 07–01–2019 द्वारा जारी सैद्धान्तिक स्वीकृति एंव अपर प्रमुख वन संरक्षक एंव नोडल अधिकारी वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून के उक्त सन्दर्भित पत्र (प्रति संलग्न) जो आपको सम्बोधित तथा इस कार्यालय को पृष्ठांकित है का अवलोकन करने का कष्ट करें। भारत सरकार के उपरोक्त सन्दर्भित पत्र द्वारा प्रश्नगत् प्रकरण में कतिपय शर्तों के अधीन सैद्धान्तिक स्वीकृति निर्गत की गयी है। सैद्धान्तिक स्वीकृति में अधिरोपित शर्तों एंव अपर प्रमुख वन संरक्षक एंव नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून के उक्त सन्दर्भित पत्र द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में विषयांकित कार्य हेतु प्रमुख वन संरक्षक, उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा निर्धारित देय धनराशियों का विवरण निम्न प्रकार है:–

| क.सं. | कार्य का विवरण | क्षेत्रफल (है0 में)/पौध | दर | देय धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत भरवाकाटल के ग्राम ल्वारखा अन्तर्गत तिमलीसैंण नामे तोक सिविल सोयम भूमि पर प्रतिपूरक /क्षतिपूरक वृक्षारोपण एंव 10 वर्षों तक रखरखाव। | 5.95 अर्थात 6.00 है0 | 278665.00/है0 | 16,71,990.00 |
| 2. | एन0पी0वी0 | 2.975 है0 | 657000.00/है0 | 19,54,575.00 |
| | | योग :– | | 36,26,565.00 |

अतः उक्तानुसार आनलाईन चालान जनरेट कर देय धनराशियों के भुगतान हेतु सैद्धान्तिक स्वीकृति की शर्त संख्या 1 व 2 तथा अन्य शर्तों 3, 4, 5, 6 एंव 8 की अनुपालन आख्या मय संलग्नकों सहित आनलाईन करते हुए संगत दस्तावेजों /अनुपालन आख्या की तीन प्रतियां अग्रेतर कार्यवाही हेतु इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नः–उक्तानुसार।

भवदीया

(कहकशां नसीम)
प्रभागीय वनाधिकारी,
मसूरी वन प्रभाग, मसूरी।

पत्रांक 2528 /दिनांकित।

प्रतिलिपि – अपर प्रमुख वन संरक्षक एंव नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून को उक्त सन्दर्भित पत्रों के क्रम में सादर प्रेषित।

(कहकशां नसीम)
प्रभागीय वनाधिकारी,
मसूरी वन प्रभाग, मसूरी।

AE IV / अग्रिम उपरोक्तानुसार कार्यवाही करें।
06/02/19
EE

# कार्यालय, प्रभागीय वनाधिकारी, मसूरी वन प्रभाग, मसूरी।

सेवा में, पत्रांक– 3122/12–1, दिनांकः मसूरी, 23.3. 2019।

अधिशासी अभियन्ता,
अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0, थत्यूड़
(टिहरी गढ़वाल)।

विषयः– जनपद–टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड जौनपुर अन्तर्गत भरवाकाटल से श्रीपुर मोटर मार्ग(कुल लम्बाई–5.00 किमी0) के निर्माण हेतु अपेक्षित 2.975 है0 वन भूमि का वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के तहत् गैर वानिकी कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग, अस्थाई खण्ड, थत्यूड़, को प्रत्यावर्तन का प्रस्ताव। (ऑनलाईन प्रस्ताव संख्या–FP/UK/ROAD/10527/2015)

सन्दर्भ :– आपकी पत्र सं0 426/21सी0 दिनांक 22–03–2019

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें। विषयांकित प्रकरण में भारत सरकार, पर्यावरण, वन एंव जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून द्वारा अपने पत्र सं0 8बी/यू.सी.पी./06/86/2017/एफ.सी./2070, दिनांक 07–01–2019 द्वारा जारी सैद्धान्तिक स्वीकृति एंव अपर प्रमुख वन संरक्षक एंव नोडल अधिकारी वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून के पत्र सं0 1902/FP/UK/ROAD/10527/2015 द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में विषयांकित कार्य हेतु प्रमुख वन संरक्षक, उत्तराखण्ड, देहरादून द्वारा निर्धारित देय धनराशियों का संशोधित विवरण निम्न प्रकार है:–

| क.सं. | कार्य का विवरण | क्षेत्रफल (है0 में)/पौध | दर | देय धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत भरवाकाटल के ग्राम ल्वारखा अन्तर्गत तिमलीसैंण नामे तोक सिविल सोयम भूमि पर प्रतिपूरक /क्षतिपूरक वृक्षारोपण एंव 10 वर्षों तक रखरखाव। | 5.95 अर्थात 6.00 है0 | 278665.00/है0 | 16,71,990.00 |
| 2. | एन0पी0वी0 | 2.975 है0 | 845000.00/है0 | 25,13,875.00 |
| | | योग :– | | 41,85,865.00 |

अतः उक्तानुसार आनलाईन चालान जनरेट कर देय धनराशियों के भुगतान हेतु सैद्धान्तिक स्वीकृति की शर्त संख्या 1 व 2 तथा अन्य शर्तों 3, 4, 5, 6 एंव 8 की अनुपालन आख्या मय संलग्नकों सहित आनलाईन करते हुए संगत दस्तावेजों /अनुपालन आख्या की तीन प्रतियां अग्रेतर कार्यवाही हेतु इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नः–उक्तानुसार।

भवदीया

(कहकशां नसीम)
प्रभागीय वनाधिकारी,
मसूरी वन प्रभाग, मसूरी।

पत्रांक 3122/दिनांकित।

प्रतिलिपि – अपर प्रमुख वन संरक्षक एंव नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून को उक्त सन्दर्भित पत्र के कम में सादर प्रेषित।

(कहकशां नसीम)
प्रभागीय वनाधिकारी,
मसूरी वन प्रभाग, मसूरी।